बॉर्डर एरिया के एसडीएम, तहसीलदार अलर्ट मोड पर रहें : कलेक्टर

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- स्थानीय सरपंच, बीडीओ, पुलिस, आर्मी, बीएसएफ से भी नियमित संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए
- रास्ता खोलने को लेकर 1 मई से चलेगा एक माह का अभियान

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने कहा कि अधिकारीगण संपर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं का निस्तारण 30 दिन की बजाय 12 दिन में करें ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। साथ ही कहा कि संपर्क पोर्टल पर आए प्रकरणों को अधिकारी खुद देखें। वृष्णि आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक ले रही थी।

जिला कलेक्टर ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बॉर्डर एरिया के सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को अलर्ट मोड पर रहने व पटवारी, गिरदावर इत्यादि को भी अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय सरपंच, बीडीओ, पुलिस, आर्मी, बीएसएफ से भी नियमित संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार को बॉर्डर एरिया में जनसुनवाई करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने ईमित्रों का नियमित निरीक्षण करने, अवैध गतिविधियों पर नजर रखने, कहीं भी कोई अवैध गतिविधि मिलने पर इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने, स्थानीय सोशल मीडिया पर नजर रखने और कोई झूठी खबर ना फैल पाने को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को रास्ता खोलने के प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए 1 मई से एक माह का अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमओ से प्राप्त प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने, जिले में अवैध खनन और ओवर लोडिंग रोकने, जमीन की आवश्यकता वाली बजट घोषणाओं की क्रियान्विति जल्द सुनिश्चित करने हेतु जल्द लैंड अलॉटमेंट करने, गोचर भूमि पर हुए अतिक्रमणों को हटाने, भरण पोषण के मामले त्वरित निस्तारण करने, कृषि भूमि का गैर कृषि भूमि कार्यों में उपयोग मामलों में कार्रवाई करने, अतिक्रमण हटाने, फसल खराबा के बकाया प्रकरण जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने आगामी दो महीनों में भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि पानी, बिजली और चिकित्सा व्यवस्था को लेकर नियमित मॉनिटरिंग करें। साप्ताहिक समीक्षा बैठक भी लें। उन्होने कहा कि मेंटिनेंस को लेकर बिजली का कट कहीं लगता है तो इसकी सूचना स्थानीय मीडिया में दी जाए ताकि लोगों को परेशानी ना हो। 4 मई को नीट परीक्षा के चलते बिजली की निर्बाध व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला कलेक्टर के अलावा एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत, एडीएम सिटी रमेश देव, एसीएम सुमन शर्मा समेत सभी तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

साढ़े चार हजार बदमाशों पर हुई कार्रवाई : देश में आतंकी हमले के बाद भारत-पाक सीमा पर बसे बीकानेर संभाग के सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में करीब डेढ़ हजार स्थानों पर शनिवार को एक साथ दबिश दी गई। चार जिलों की पुलिस ने एक हजार से ज्यादा होटल, ढाबा, मुसाफिर खाना सहित अन्य विश्राम स्थलों का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों पर शिकंजा कसते हुए धरपकड़ की गई। बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने बताया कि बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में सक्रिय व वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कांस्टबलों की टीम ने दबिश दी। 446 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई। रेंज के अधीनस्थ जिलों में बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं, मुसाफिरखानों, दूरदराज के संदिग्ध स्थलों आदि में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। रेंज के अधीनस्थ चारों जिलों में 1401 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 287 टीमों ने एक हजार 516 स्थानों पर दबिश दी गई। अभियान के दौरान कुल 446 अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन तथा 1286 होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं, मुसाफिरखानों, दूरदराज के संदिग्ध स्थलों पर सघन तलाशी ली गई।

देशनोक हादसे को लेकर धरना समाप्त

बीकानेर, (कासं)। 10 दिन से कलेक्ट्रेट के सामने चल रहे देशनोक हादसे के मृतकों के परिवारों के लिए सरकार ने सहायता पैकेज देने पर सहमति जाता दी है।

देर रात आंदोलनकारी और प्रशासन के बीच वार्ता के बाद धरना समाप्त हो गया। धरना स्थल पर भारी संख्या में सेन समाज के लोग पहुंचे। दिन में प्रशासन भी सक्रिय हो गया। शाम को आंदोलनकारियों को संभागीय आयुक्त कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया गया। पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल, पूर्व बोर्ड अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत समेत एक प्रतिनिधि मंडल वार्ता में पहुंचा। इस बीच भाजपा और सेन समाज के नेता भी संभागीय और कलेक्टर के लगातार संपर्क में रहे। लम्बी बातचीत के बाद सहमति बनी कि मृतकों के आश्रितों को प्रति परिवार 10-10 लाख रूपए, संविदा पर एक व्यक्ति को नौकरी और एक-एक डेयरी बूथ दिया जायेगा। जिससे परिवारों का जीविकोपार्जन होता रहे।

चिरंजीवी हेल्थ कार्ड से भी जो मदद मिलेगी वह भी परिवारों को अलग से दी जायेगी। हालांकि आंदोलनकारी और राशि की मांग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि आंदोलनकारी को संदेश दे दिया गया था कि अब वार्ता में सहमति बना ली जाए। प्रशासन की तरफ से जो वार्ता के लिए नाम तय हुए थे उसमें बीजेपी की तरफ से एडवोकेट अशोक भाटी, मुरलीधर सेन, मगाराम नाई, धनराज सोलंकी और करण मारू के भी नाम थे। पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि दुर्घटना हुई 25 दिन बीतने के बाद भी जब प्रशासन ने इन पीड़ित परिवारों की सुनवाई नहीं की।

सार-समाचार

नगर स्थापना दिवस समारोह शुरू

नगर स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रमों में दुर्लभ क्लासिक रेडियो प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक सिद्धिकुमारी ने किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर नगर स्थापना दिवस समारोह के तहत राव बीकाजी संस्थान द्वारा चार दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ आज महारानी सुदर्शन कला दीर्घा में हुआ। इस वर्ष राव बीकाजी संस्थान द्वारा क्लासिक व दुर्लभ एंटीक व विंटेज रेडियो सेट्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के प्रभारी अजीज भुट्टा ने बताया की रेडियो सेट संग्रहण करने वाले दिनेश माथुर के अद्भुत संग्रह में से तकरीबन 100 दुर्लभ क्लासिक रेडियो को इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी ने किया। इस अवसर पर उद्योगपति विनोद बाफना तथा राव बीकाजी संस्थान के अध्यक्ष डॉ गिरिजा शंकर शर्मा, सचिव नरेंद्र सिंह स्याणी, कोषाध्यक्ष रामलाल सोलंकी, डॉ. पवन दाधीच, आत्माराम भाटी, इरशाद अजीज, कमल रंगा, अभिषेक आचार्य, राजेन्द्र जोशी, डॉ फारूख चौहान व अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सिद्धि कुमारी ने कहा कि बीकानेर में अपने तरह की यह एक अनूठी प्रदर्शनी है तथा बीकानेर के लोगों के जुनून तथा उनके शौक के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करती है। उन्होंने इस अवसर पर राव बीकाजी संस्थान के प्रयासों की सराहना की। रेडियो संग्रह दिनेश माथुर ने बताया कि वे तकरीबन डेढ दशक से रेडियो सेट्स का संग्रहण कर रहे हैं तथा उनके पास 1200 से भी ज्यादा एंटीक व विंटेज रेडियो मौजूद है। यह प्रदर्शनी 28 अप्रेल तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 8 बजे तक खुली रहेगी। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया।

आतंकी हमले पर रोष जताया

बीकानेर, (कासं)। हिमालय परिवार के सदस्य ने पहलगाम में मारे गये देशवासियों को श्रद्धांजलि देने के लिए जवाहर नगर एक बैठक आयोजित की। सचिव आर. के. शर्मा ने बताया कि बैठक में इस आतंकी घटना पर रोष व्यक्त किया तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सुषमा बिस्सा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की। कार्यक्रम में मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, मनोहर वर्मा, विजय मारू, प्रभात भारद्वाज, भुवनेश, प्रेमलता शर्मा, कविता यादव, मुकेश बिस्सा, दिव्या सोनी, रोहिताश्व बिस्सा, ओजस्वा राधा , आरती, निशा पुरोहित, संजीव सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

बीच-बचाव में घायल युवक की मौत

श्रीविजयनगर, (कासं)। श्रीविजयनगर क्षेत्र के निकटवर्ती गांव गोगामेड़ी में दो माह पूर्व शराब ठेके पर हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल हुए रामस्वरूप (निवासी गोगामेड़ी) की मौत हो गई। रामस्वरूप की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने श्रीविजयनगर के राजकीय चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराने व उसे लेने से इनकार करते हुए धरना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप था कि इस मामले में पुलिस ने जानबूझकर एक आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया है। जबकि घटना के तुरंत बाद पुलिस ने एक अन्य आरोपी को पहले ही हिरासत में ले लिया था। धरने के चलते राजकीय चिकित्सालय परिसर में तनाव का माहौल रहा और एहतियातन पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर श्रीविजयनगर थानाधिकारी गोविंदराम बिश्नोई मौके पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों से वार्ता की।

बीकानेर शहर में आज से 48 घंटों से होगी पानी सप्लाई

बीकानेर,(कासं)। वर्तमान में इंदिरा गांधी नहर परियोजना में 21 अप्रैल से 20 मई तक पूर्ण नहरबंदी प्रभावी है। जलाशयों में उपलब्ध एकत्रित जल मात्रा को मध्यनजर रखते हुए 27 अप्रैल से बीकानेर शहर में एक दिन छोड़कर (48 घंटों से) जल वितरण किया जायेगा।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया ने बताया कि जोनवार, सम व विषम दिनांक के अनुसार पेयजल वितरण व्यवस्था रहेगी। प्रथम जोन क्षेत्र (27 अप्रैल से सभी विषम संख्या दिनांक को जलापूर्ति की जायेगी। **जेलवेल टंकी से जुड़ा क्षेत्र :** कोटगेट, फडबाजार (पठान मोहल्ला), जोशीवाड़ा, कसाई बारी, छींपों का मोहल्ला, स्टेशन रोड, गुर्जरो का मोहल्ला, धोबी तलाई, केईएम रोड, भेरूजी गली. मॉडर्न मार्केट का क्षेत्र आदि। गोगागेट टंकी से जुड़ा क्षेत्र: गुर्जरों का मोहल्ला, बान्द्रा बास, शर्मा कॉलोनी क्षेत्र आदि। सेन्ट्रल जेल, बीछवाल, बीछवाल गांव, ट्रांसपोर्ट नगर, चेतक कैम्पस, शुष्क बागवानी कैम्पस, आरएसी बटालियन तृतीय व दशम पुलिस मोटर क्षेत्र ड्राईविंग स्कूल आदि।

करणी नगर उच्च जलाशय से जुडे क्षेत्र : करणी नगर क्षेत्र, गांधी नगर, कैलाशपुरी क्षेत्र आदि। समता नगर, रामपुरा बस्ती, एफसीआई गोदाम के पास का क्षेत्र, मुक्ता प्रसाद नगर के सभी सैक्टर, सर्वोदय बस्ती क्षेत्र आदि। **नत्थूसर टंकी से जुड़े क्षेत्र :** बारह गुवाड़ चौक, साले की होली, मोहता चौक, दम्माणी चौक, बिन्नाणी चौक, डागा चौक, तेलीवाड़ा, चूनगरों का मोहल्ला, सोनगिरी कुआं, पारीक चौक क्षेत्र, जनता प्याऊ, करमीसर क्षेत्र आदि।

नयाशहर टंकी से जुडे क्षेत्र : चौखूंटी, जस्सूसर गेट, नत्थूसर बास पूगल रोड, नाल रोड क्षेत्र, बंगला नगर आदि क्षेत्र। लक्ष्मीनाथ मंदिर टंकी से जुड़े क्षेत्र : आचार्यों का चौक, ढढ्ढों का चौक, बड़ा बाजार, लौहार मोहल्ला, छबीली घाटी, बागडियों का मोहल्ला, नाहटों का चौक, रामपुरिया, सुथारों की छोटी बड़ी गुवाड़, शीतला गेट, गोपेश्वर बस्ती, हंसा गेस्ट हाउस, जैन कॉलेज, रोड न. 6 आदि क्षेत्र। द्वितीय जोन क्षेत्र (28 अप्रैल से सभी सम संख्या दिनांक को जलापूर्ति की जायेगी) स्टेडियम टंकी से जुडे क्षेत्र:गिन्नाणी, सादूल कॉलोनी, धावड.िया हनुमान हत्था, माजीसा का बास, रथखाना, इन्द्रा कॉलोनी क्षेत्र, भुट्टों का बास क्षेत्र आदि। साखू डेरा से जुड़े क्षेत्र:कमला कॉलोनी, फड़ बाजार व सुभाषपुरा का सांखू डेरा क्षेत्र कुचीलपुरा, अमरसिंहपुरा, विवेक नगर, पंजाबगिरान आदि। जयनारायण व्यास कॉलोनी के सभी सैक्टर,चाणक्य नगर, शिव बाडी, तिलक नगर, खतुरिया कॉलोनी नागणेचीजी टंकी से जुडे क्षेत्र:साउथ विस्तार, पवनपुरी, पटेल नगर, शास्त्री नगर, नागणेची स्कीम, बलूभ गार्डन क्षेत्र, सांगलपुरा क्षेत्र।

नव निर्वाचित आरडीए अध्यक्ष डॉ.सचिन को दी बधाई

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सचिन देसाई और उनकी नई कार्यकारी टीम को प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर डॉ. सोनी ने डॉ. सचिन और उनकी टीम का मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। डॉ. सचिन ने हाल ही में हुए आरडीए चुनाव में 174 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी डॉ. रामनिवास को 166 और डॉ. पवन सारस्वत को 102 मत मिले। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ. अभिजीत भी उपस्थित रहे और उन्होंने नई टीम को अपने अनुभव साझा करते हुए शुभकामनाएं दी।

लक्ष्मी नायक हत्याकांड के दो अभियुक्त गिरफ्तार

- व्यास कॉलोनी पुलिस थाना के अशोक नगर में 17 अप्रैल की रात को घर में घुसकर महिला की हत्या कर दी थी

बीकानेर, (कासं)। व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने देवीकुंड सागर रोड के पास अशोक नगर में 17 अप्रैल की रात को घर में घुसकर महिला की हत्या में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों को हरियाणा से लाया गया है। पुलिस ने वारदात में शामिल सात लोगों को नामजद किया है जिनमें से पांच की तलाश की जा रही है।

बोलेरो गाड़ी में सवार युवक 17 अप्रैल की देर रात को अशोक नगर स्थित एक मकान में घुस गए। घर में मौजूद लक्ष्मी नायक और उसके बेटे पर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण लक्ष्मी की मौत हो गई थी। एसएचओ सुरेन्द्र पचार ने बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल रामपुरा बस्ती की गली संख्या 9 निवासी जयपाल जाट और गली संख्या 2 निवासी अरविन्द जाट को गिरफ्तार किया है। दोनों को हरियाणा के हिसार से लाया गया। वारदात में शामिल 7 अभियुक्तों को नामजद किया गया। पांच फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। वारदात के बाद हत्यारे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब भाग गए थे। पुलिस ने छानबीन कर उन्हें नामजद किया। देवीकुंड सागर रोड के पास स्थित अशोक नगर के जी ब्लॉक में रहने वाली महिला लक्ष्मी नायक और उसका पुत्र विक्रम 17 अप्रैल की रात को घर में ही थे। इस दौरान देर रात को बोलेरो में सवार होकर पहुंचे युवक घर में घुस गए।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101324 **लोक सूचना** दिनांक : 24.4.2025

श्री नवीन कुमार गर्ग पुत्र श्री हरीराम गर्ग निवासी 77 के ब्लॉक, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 17 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री नवीन कुमार गर्ग पुत्र श्री हरीराम गर्ग	चक 17 एमएल मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 5/15 में 0.0127 है., यथाकुल 0.0127 हैक्टेयर	कुल 0.0127 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 24.4.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101322 **लोक सूचना** दिनांक : 24.4.2025

श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री मोहन लाल निवासी 13 सेतिया फार्म, खेतरपाल मंदिर के पास, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 17 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री मोहन लाल	चक 17 एमएल मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 5/16 में 0.0117 है., यथाकुल 0.0117 हैक्टेयर	कुल 0.0117 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 24.4.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101326 **लोक सूचना** दिनांक : 24.4.2025

श्री रफीक मोहम्मद पुत्र श्री युसूफ अली निवासी 17 एमएल, पठानवाली, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 17 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री रफीक मोहम्मद पुत्र श्री युसूफ अली	चक 17 एमएल मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 5/13 में 0.0097 है., यथाकुल 0.0097 हैक्टेयर	कुल 0.0097 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 24.4.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

महिला रोडवेज कर्मी ने लड़की को दिया आसरा

- रात 12 बजे एक अकेली लड़की बस स्टैंड पर बैठी मिली

बीकानेर, (कासं)।महिला रोडवेज कर्मी सोनू ने अकेली लड़की को सुरक्षित आसरा दिया।

रोडवेज की महिला कर्मचारी सोनू राजपुरोहित ने यही कर दिखाया। रात को जब सोनू राजपुरोहित कैश शाखा में अपनी ड्यूटी समाप्त कर लगभग 12:15 बजे बीकानेर बस स्टैंड पहुंची तो उन्होंने देखा कि एक किशोरी अकेली बेंच पर बैठी हुई है। चारों ओर सन्नाटा था और इतनी रात को बस स्टैंड से कोई बस भी रवाना नहीं हो रही थी। सोनू को यह दृश्य असामान्य लगा और उन्होंने तुरंत लड़की के पास जाकर उसका हालचाल पूछा तो उसने बताया कि वह राजसमंद जिले के एक गांव से है और सुबह 3:30 बजे घर से अकेली निकल पड़ी थी। जयपुर होते हुए वह बीकानेर पहुंच गई, लेकिन उसे लेने कोई नहीं आया और अब वह रात यहीं बिताने का सोच रही थी। सोनू राजपुरोहित यह जानकर स्तब्ध रह गई।

उन्होंने डिपो प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन देर रात संपर्क संभव नहीं हो सका। लड़की के परिजनों के मोबाइल फोन भी बंद आ रहे थे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए सोनू ने अपने माता-पिता को फोन कर बुलाया और बीकानेर रोडवेज बस स्टैंड पुलिस चौकी एवं बीछवाल थाना को सूचना दी।

पार्क में पालसिए लगाये

बीकानेर, (कासं)। एक रूपया रोज सेवा संस्था के द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए पब्लिक पार्क में दो दर्जन से अधिक पालसिए लगाये गए। साथ ही मौजूद सभी संस्था सदस्यों ने प्रण लिया कि प्रतिदिन पालसिए में पानी भरेंगे।

संस्था अध्यक्ष सिकन्दर राठौड़ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बढ़ती गर्मी में संस्था द्वारा अनेक स्थानों पर पालसिए लगाने और नियमित रूप से उनमें पानी भरने का सेवा कार्य किया जाता है । गर्मी बढ़ने से इंसानों के साथ बेजुबान पक्षी भी प्यास से व्याकुल रहते हैं। ऐसे में सभी को अपने घर की बालकनी, छत और पार्कों में पालसिए लगाने चाहिए और नियमित इनमें साफ पानी भरना चाहिए। मनोज कुमार ने बताया कि इस सेवा कार्य मे अतिथि के रूप में बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल शामिल हुए।

साइबर ठगी में बीकानेर की लड़की भी शामिल

- कॉलेज गर्ल से कुरियर गर्ल बनी, ऑनलाइन गैमिंग के लिए बैंक अकाउंट खुलवाए

बीकानेर, (कासं)। यहां से संचालित हो रहे साइबर ठगी के गिरोह में एक कॉलेज गर्ल भी शामिल हो गई है, जो अब कुरियर गर्ल की तरह काम कर रही है। हालांकि युवती का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग का रूपया बताकर उससे बैंक खाते खुलवाए गए थे। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बीकानेर के एक कॉलेज में सैकंड ईयर में पढ़ने वाली खेतेश्वर बस्ती निवासी गणपति राजपुरोहित को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया। साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने श्यामसुंदर बिश्नोई और लक्ष्मण सिंह नामक दो युवकों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उसने करीब बीस दिन पहले रोडवेज बस स्टैंड के पास एक बैंक से रूपए निकाले थे। जब बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो उसमें लक्ष्मण, उसकी पत्नी, बच्चा और एक युवती नजर आई। श्यामसुंदर ने युवती की पहचान की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन ठगी में ये युवती कुरियर गर्ल का काम कर रही है। गैंग के निर्देश पर फर्जी खातों से रकम निकालकर मुख्य सरगनाओं तक पहुंचाती थी। साइबर थाना प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खान मोहम्मद ने बताया कि खेतेश्वर बस्ती में रहने वाली इस युवती को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। युवती को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया जहां से रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस इस मामले में प्रमोद बिश्नोई को ढूंढ रही है। प्रमोद मूल रूप से रासीसर का रहने वाला है। उसी के निर्देशन में बीकानेर में ठगी का खेल चल रहा है। प्रमोद के साथ पांचू निवासी उगमाराम जाट भी शामिल है। पहले दोनों साझेदार थे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 3905 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25/04/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 01 किला नं. 23 में भूखण्ड संख्या एफ-5 माप 34 इन्टू 75.8 फीट सिटी लाईट कॉलोनी, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 6612 दिनांक 25.09.2017 को श्री मोहन लाल वधवा पुत्र श्री राजकुमार के नाम से जारी किया हुआ है। दिनांक 07.04.2025 को उक्त भूमि के खातेदार अपूर्व वधवा व अर्चित वधवा पिसरान श्री मोहन लाल वधवा निवासी 52 ई ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा श्री मोहन लाल वधवा का मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त जारी पट्टे को निरस्त करने बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर उक्त पट्टा निरस्त कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/3898 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22-04-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनीता शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं श्री कपिल शर्मा व श्री राजीव शर्मा पिसरान श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी 137 गांधी नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 38/47 किला नं. 20 में माप 25 इन्टू 58 फीट, भूखण्ड संख्या ए-137, गांधी नगर, श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा संख्या 453 दिनांक 21.09.2000 को श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री छज्जूराम के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 19.10.2023 को हो चुकी है।	●अनिता शर्मा-पत्नी ●कपिल शर्मा- पुत्र ●राजीव शर्मा-पुत्र	श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा वारिसाणान पत्र एवं पट्टे की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाह गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती अनीता शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं श्री कपिल शर्मा व श्री राजीव शर्मा पिसरान श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी 137 गांधी